पुलिस लाइन विद्यालय में बच्चों के अनुपात में पर्याप्त हैं शिक्षक

# महात्मा गांधी स्कूल में दो प्रधानाचार्य, पुरानें बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाना चुनौती

## शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के प्रयास में कमियां बन रहीं बाधा

पत्रिका इंडेप्थ स्टोरी

*__अजमेर @ पत्रिका.__ सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता के प्रयास तो हो रहे हैं लेकिन कुछ अड़चनें व कक्षा कक्षों की कमी के चलते पढ़ाई का वातावरण नहीं बन पा रहा है। सरकार ने महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रारंभ तो कर दिए, लेकिन सरकार के कारिन्दे ही नियमों को ताक में रख कर काम कर रहे हैं। अजमेर में एक ही विद्यालय में दो-दो प्रधानाचार्य लगाने के बावजूद प्रशासन आंखें मूंदे हुए है।*



पुलिस लाइन स्थित महात्मा गांधी स्कूल की कक्षा में बच्चों को पढ़ातीं शिक्षिका।

**महात्मा गांधी** अंग्रेजी माध्यम राउमा विद्यालय में वर्तमान में दो प्रधानाचार्य नियुक्त हैं। जुलाई माह में विभागीय नियमों के तहत साक्षात्कार के माध्यम से रश्मि शर्मा को प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया। बाद में सरकार के विभागीय तबादले के तहत रणजीत कौर को प्रधानाचार्य नियुक्त कर दिया। विभागीय साक्षात्कार में चयनित प्रधानाचार्य शर्मा ने स्थगन आदेश ले लिया। जबकि तबादले से नियुक्त प्रधानाचार्य की सेवानिवृति छह माह बाद होनी है। ऐसे में विभाग भी चुप्पी साधे हुए है। यहां कुछ शिक्षक बीएलओ की जिम्मेदारी के चलते फील्ड में हैं।

### नामांकन स्थिति

- **अंग्रेजी माध्यम :** कक्षा 1 से 8 तक 251 छात्र छात्राओं का नामांकन है।
- **हिन्दी माध्यम :** कक्षा 9 से 12 वीं तक 122 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।
- **स्टाफ :** 2 प्रधानाचार्य, लेवल 1 के 5, लेवल 2 के 4, वरिष्ठ शिक्षक 7, व्याख्याता 10 में से एक पद खाली है, पीटीआई, लैब तकनीशियन सहित 5 मंत्रालयिक कर्मचारियों के पद भरे हैं।
- **यह समस्या :** विद्यालय के कक्षा 7 व 8 वीं के पुराने विद्यार्थियों को हिन्दी माध्यम से अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाना किसी चुनौती से कम नहीं है। इसके लिए प्रार्थना सभा में रोज 5 अंग्रेजी के नए शब्द सिखाने के साथ ही इंग्लिश टीचर की ओर से अतिरिक्त कक्षाएं ली जा रही हैं।

## पोस्टर प्रतियोगिता में डिंकी प्रथम

**नसीराबाद @ पत्रिक** गोविंदसिंह गुर्जर राजकी महाविद्यालय में शुक्रवार व उपभोक्ता क्लब्र एवं योजना मंच संयुक्त तत्वावधान में पोस्ट प्रतियोगिता हुई। उपभोक्ता संरक्ष विषय पर हुई प्रतियोगिता में डिंव गर्ग प्रथम, रक्षिता द्वितीय व जस्स जोसवार तथा उज्जमा अब्बार संयुक्त रूप से तृतीय रहीं। व योजना मंच में स्वच्छता अभिया विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता हु इसमें बुलबुल प्रजापत प्रथम, प्रिं सिसोदिया ने द्वितीय व रक्षिता तृती स्थान पर रही।

## क्रिकेट खेलते आई मौत

**अजमेर @ पत्रिका.** काय विश्राम स्थली में शुक्रवार को एव युवक की क्रिकेट खेलते हुए तबीय बिगड़ने से मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार रेम्बुल रो निवासी आयुष (30) पुत्र रजनी हेड़ा कायड़ मैदान पर क्रिकेट खेल रहा था। अचानक उसकी तबीय बिगड़ गई। उसे साथी जेएलए अस्पताल लेकर पहुंचे, जह चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया गेगल थाना पुलिस ने पोस्टमार्ट करवाकर शव परिजन के सुपु कर दिया।

## गारंटी अवधि में उखड़ी सड़क

**अजमेर.** नगर निगम पार्षदों ने शुक्रवार को जिला कलक्टर अंश दीप को ज्ञापन देकर सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण का आरोप लगाते हुए संबंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने की मांग की। पार्षद हेमलता बंसल, पार्षद रजनीश चौहान, पार्षद नलिनी राजेश शर्मा, पार्षद कुसुम सोगरा आदि ने बताया कि सड़कें गारंटी अवधि में क्षतिग्रस्त हो गई। इनमें गुणवत्ताहीन सामग्री काम में लेने का आरोप लगया। ज्ञापन देने वालों में पार्षद सोहन सिंह रावत, भाजपा महामंत्री राजेश शर्मा, लवलेश बंसल सहित अन्य मौजूद रहे।

ADMINISTRATION
& एडमिनिस्ट्रेशन

# ट्रस्ट की बेशकीमती जमीन को किया खुर्द-बुर्द

**अजमेर @ पत्रिका.** पुष्कर रोड स्थित श्रीरमा वैकुण्ड बालूराम धमार्थ ट्रस्ट की बेशकीमती सम्पत्ति को खुर्द-बुर्द करने का मामला सामने आया है। ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी ने मामले में सिविल लाइन्स थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करवाया है। नया बाजार हाल शिकागो निवासी आनन्द अग्रवाल ने रिपोर्ट में बताया कि वह पुष्कर रोड श्रीरमा वैकुण्ठ बालूराम धमार्थ ट्रस्ट का मैनेजिंग ट्रस्टी है। ट्रस्ट दादा बालूराम अग्रवाल ने 29 अक्टूबर 1956 ट्रस्ट डीड से गठित किया। पंजीकृत ट्रस्ट के प्रावधान में ट्रस्टी के मरणोपरान्त, अयोग्य होने पर बड़ा बेटा ट्रस्टी होगा। ट्रस्टी के पुत्र न होने या कार्य ना करने पर बाकी ट्रस्टी आपसी सहमति से अन्य को नियुक्त कर सकते हैं। ट्रस्ट गठन के बाद 5 ट्रस्टी थे। बालूराम अग्रवाल पहले मैनेजिंग ट्रस्टी थे। उनकी मृत्यु के बाद बड़े पुत्र रामदास अग्रवाल और उनकी मृत्योपरान्त उनका बेटा होने की हैसियत से वह श्रीरमा वैकुण्ठ बालूराम धमार्थ ट्रस्ट का मैनेजिंग ट्रस्टी बना लेकिन वर्तमान में अग्रसेन नगर के चन्द्रप्रकाश डाणी, सर्वेश्वर नगर निवासी बद्रीनारायण हटूका, घास कटला निवासी विष्णुकान्त बंसल ट्रस्टी हैं। दोनों मृत भाई मुकेश और राजेश अग्रवाल ट्रस्ट में ना कभी ट्रस्टी रहे ना हैं। ट्रस्ट की सम्पत्ति पर शंकर आयरन फाउंड्री है। उसकी प्रोपराइटर उषा बंसल हैं, लेकिन चन्द्रप्रकाश डाणी, बद्रीनारायण हटूका, विष्णुकान्त बंसल, राजेश अग्रवाल, स्व. मुकेश अग्रवाल व उषा बंसल ने ट्रस्ट की सम्पत्ति का एक हिस्सा गैर कानूनी तरीके से खुर्द-बुर्द कर हड़पने की नियत से षडयंत्रपर्वक 99 साल की लीज पर सम्पत्ति का मालिकाना हक उषा बंसल के नाम करके ट्रस्ट को नकसान पहंचाया।

## 23 लाख का सरिया खुर्द-बुर्द

सरिया व्यवसायी के साथ सवा 23 लाख रुपए के सरिया खरीद-फरोख्त में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी ने जयपुर में निर्माणाधीन आरसीए के स्टेडियम में सवा 23 लाख की कीमत का 40 टन सरिया मंगवाकर ख़ुर्दबुर्द कर दिया। क्लॉक टावर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्जकर अनुसंधान शुरू किया। ब्राबू मोहल्ला निवासी लोहा व्यवसायी तरुण जैन ने बताया कि गत 17 नवम्बर को वीनस अलोइस पेन टीएमटी के सेल्स मैनेजर ओमप्रकाश शर्मा ने उसे मोबाइल पर बात कर जयपुर आरसीए स्टेडियम में सरिए भेजने के लिए कहा। उसने 21 जुलाई को 23 लाख 14 हजार 676 रुपए कीमत का सरिया ट्रेलर में रवाना कर दिया। माल आर.सी.ए. स्टेडियम जाना था लेकिन प्रकाश शर्मा की शर्मा एण्ड संस पर काम करने वाले विशाल ने कॉल कर माल से भरे ट्रेलर को जयपुर अखपुरा मैन रोड तीसरी पुलिया के पास दूसरे ट्रेलर में भरवा दिया। जिसकी उसे जानकारी नहीं दी गई।

